# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक आज जैसलमेर में हो रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। इसमें वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के अलावा झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी भाग ले रहे हैं।

*****************

झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने रांची के धुर्वा में तीन हजार तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से पांच हजार पांच सौ फ्लैटों का निर्माण कराने का फैसला किया है। इसके अलावा बरियातू में आवासीय सह व्यावसायिक काम्प्लेक्स भी बनाया जायेगा। यह निर्णय बोर्ड की 76वीं बैठक में लिया गया। बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि ई–लॉटरी के माध्यम से लोगों को ये फ्लैट उपलब्ध कराये जायेंगे।

*****************

झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी के रांची स्थित हरमू आवास के व्यवसायिक उपयोग की जांच कराने के बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि बिना जांच पड़ताल किये एक अंतर्राष्ट्रीय हस्ती के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी अनुचित है।

*****************

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्य के चार जिलों में रामगढ़, हजारीबाग, गुमला और सिमडेगा में सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के नोडल ऑफिसर डॉक्टर कमलेश कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि अभियान के तहत अलग–अलग जगहों पर निक्षय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां पोर्टेबल एक्सरे मशीन से रोगियों की जांच की जा रही है।

*****************

संताल परगना के साहिबगंज जिले में आज सुबह फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी गंगा में डूब गयी। गाड़ी का ड्राइवर लापता है। घटना राजमहल अनुमंडल स्थित गंगा तट पर हुई। सूचना मिलते ही राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सीओ यूसुफ शेख, अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार शुक्ला गंगा तट पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि गाड़ी में कुछ तकनीकी गड़बड़ी आ जाने के कारण यह हादसा हुआ।

*****************

गढ़वा जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 90 दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम शुरु किया गया है। इस कड़ी में गढ़वा व्यवहार न्यायालय परिसर से रंका मोड़ तक रैली निकालकर लोगों को कानूनी अधिकार के प्रति जागरुक किया गया। रैली में शामिल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और प्राधिकार के अध्यक्ष नलिन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उदेश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक कानूनी अधिकार के प्रति सजग करना है।

*****************

धनबाद जिले में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************